फार्मा मेडटेक क्षेत्र के लिये नीतिगत पहल

प्रिलिम्स के लिये:

फार्मास्यूटिकल सेक्टर, भारत में फार्मा-मेडटेक सेक्टर में अनुसंधान और विकास तथा नवाचार पर राष्ट्रीय नीति, फार्मा मेडटेक सेक्टर में अनुसंधान और नवाचार

मेन्स के लिये:

चिकित्सा और फार्मास्यूटिकल क्षेत्रों से संबंधित नीतियाँ एवं पहल

स्रोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री** तथा **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** ने भारत में फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान व विकास तथा नवाचार पर राष्ट्रीय नीति और फार्मा में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिये योजना की शुरुआत की।

- ये पहलें भारत में **फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और विकास तथा नवाचार पर राष्ट्रीय नीति** और **फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देने की योजना** (Promotion of Research and Innovation in Pharma MedTech Sector- PRIP) हैं।

नोट: भारतीय फार्मास्यूटिकल उद्योग आकार की दृष्टि से **विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल उद्योग है**, जिसका वर्तमान बाज़ार लगभग 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है।

शुरू की गई पहलें:

- **फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर राष्ट्रीय नीति:**
  - नीति का उद्देश्य पारंपरिक दवाओं और फाइटोफार्मास्यूटिकल्स तथा चिकित्सा उपकरणों सहित फार्मास्यूटिकल में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करना है।
    - यह संभावित रूप से अगले दशक में इस क्षेत्र को 120-130 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने में सहायता कर सकता है, जिससे सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान लगभग 100 आधार अंकों तक बढ़ जाएगा।
  - **उद्देश्य:**
    - एक नियामक वातावरण बनाना जो उत्पाद विकास में नवाचार और अनुसंधान की सुविधा प्रदान करता है, सुरक्षा तथा गुणवत्ता के पारंपरिक नियामक उद्देश्यों का विस्तार करता है।
    - राजकोषीय और गैर-राजकोषीय उपायों के संयोजन के माध्यम से **नवाचार में निजी एवं सार्वजनिक निवेश को प्रोत्साहित करना।**
    - क्षेत्र में सतत् विकास के लिये एक मज़बूत संस्थागत आधार के रूप में नवाचार और क्रॉस-सेक्टोरल अनुसंधान का समर्थन करने हेतु डिज़ाइन किया गया एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना।
- **फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की योजना (PRIP):**
  - यह योजना **नवाचार को बढ़ावा देने और मेडटेक क्षेत्र को नवाचार-संचालित पावरहाउस में बदलने** पर केंद्रित है।
  - यह उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और नवाचार पर ज़ोर देती है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र को मूल्य और नवाचार-आधारित दृष्टिकोण की ओर स्थानांतरित करना है।
  - **अवयव:**
    - **घटक A:** राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (NIPER) में 7 **उत्कृष्टता केंद्रों** की स्थापना करके

अनुसंधान बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करना।

- **घटक B:** नई रासायनिक इकाइयों, **बायोसमिलिर सहति जटलि जेनेरकि, चकित्सा उपकरणों, स्टेम सेल थेरेपी**, **ओर्फन ड्रग्स** दवाओं, **एंटी-माइक्रोबियिल प्रतरिोध** आदि जैसे छह प्राथमकिता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान को प्रोत्साहति करके फार्मास्यूटकिल क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना, जसिमें उद्योग, **MSME, SME, सरकारी संस्थानों** के साथ कार्य करने वाले स्टार्टअप और इन-हाउस एवं अकादमकि अनुसंधान दोनों के लयि वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

फार्मास्यूटकिल क्षेत्र से संबंधति पहल:

- फार्मास्यूटकिल्स के लयि उत्पादन-आधारति प्रोत्साहन योजना (PLI)
- बलक ड्रग पारक योजना को बढ़ावा देना
- फार्मास्यूटकिल्स उद्योग योजना को सुदृढ़ बनाना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/policy-initiatives-for-pharma-med-tech-sector